फा.सं. 19/01/2018-गो. -1/1
कर्मचारी चयन आयोग
गो -1/1 अनुभाग
***

विषय: कनिष्ठ अभियंता (सिविल, यांत्रिक, वैद्युत और मात्रा सर्वेक्षण एवं संविदा) परीक्षा, 2018- पेपर II (वर्णनात्मक) में बैठने हेतु अभ्यर्थियों को शार्ट लिस्ट करने के लिए पेपर-I के अतिरिक्त परिणाम की घोषणा।

आयोग द्वारा कनिष्ठ अभियंता (सिविल, यांत्रिक, वैद्युत और मात्रा सर्वेक्षण एवं संविदा) परीक्षा, 2018 (पेपर- I) का परिणाम दिनांक 12.12.2019 को घोषित किया गया था। सिविल/ मात्रा सर्वेक्षण एवं संविदा के पेपर- II में बैठने के लिए 8681 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया था और कनिष्ठ अभियंता परीक्षा 2018 के वैद्युत/यांत्रिक के पेपर- II में बैठने के लिए 1919 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया था।

2. तत्पश्चात, यह पाया गया कि असावधानीवश चूक के कारण ईडब्ल्यूएस+अ.दि. और ईडब्ल्यूएस+श्र.दि. श्रेणियों के 35 अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों के अंतिम चयनित अभ्यर्थी से अधिक अंक प्राप्त करने के बावजूद पेपर-I में अर्हता प्राप्त घोषित नहीं किया गया था।

3. इसलिए, अतिरिक्त 35 अभ्यर्थियों (सिविल से संबंधित 16 और वैद्युत/यांत्रिक से संबंधित 19) को कनिष्ठ अभियंता (सिविल, यांत्रिक, वैद्युत और मात्रा सर्वेक्षण एवं संविदा) परीक्षा, 2018 के पेपर- II में बैठने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है।

4. उपर्युक्त परीक्षा के वर्णनात्मक पेपर (पेपर- II) का विवरण दिनांक 12.12.2019 के रिजल्ट राइट-अप के पैरा - 4 पर उपलब्ध हैं।

अवर सचिव (गो.-1/1)
27.12.2019